## एक नजर में

### कन्या स्कूल प्राचार्य अरुण कुशवाह का किया सम्मान...



**डही ।** सत्र2025-26 में कन्या उ मा वी डही का 12वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर 24 अप्रैल 2026को एकलव्य कुक्षी में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर विभाग के मुखिया सहायक आयुक्त नरोत्तम बरकड़े के द्वारा संस्था के प्राचार्य अरुण कुशवाह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कुशवाह ने इस सफलता के श्रेय सहायक आयुक्त महोदय के मार्ग दर्शन ,विद्यालय के सभी शिक्षकों श्री चतर सिंह मंडलोई, अमर सिंह मंडलोई, राजाराम सस्तिया, विश्राम सिंह डोडवे, नंदू भोई, राकेश सोलंकी, छोटू सिंह डोडवे, दिनेश जामोद, दिनेश सपलिया ,श्री मति मौसमी बालेश्वर, श्री मति स्नेहा बघेल, अजहरुद्दीन बलोच ,मोहन डोडवे सहित सभी शिक्षको का अथक प्रयास और छात्राओं की लगन और पालकों का सहयोग को दिया

### श्री नारायण विष्णु महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण, सोमवार को धूमधाम से निकलेगी शोभा यात्रा



**बदनावर ।** बखतगढ़ रोड स्थित श्री नवखंड मालवा मेंखालेश्वर धाम बाबा रामदेव मंदिर पर नवकुंडिय श्री नारायण महाविष्णु यज्ञ की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। ढोलना से 20 से 30 युवाओं की टीम ने यह निर्माण पूर्ण किया है। यह आयोजन ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री मस्त फक्कड़ काली कमली वाले आदेश बाबा एवं ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री पारसनाथ महाराज के आशीर्वाद से हो रहा है। 27 अप्रैल सोमवार को बदनावर नगर में बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर से प्रात: 8-00 बजे से प्रारंभ होगी। यात्रा इस मार्ग से गुजरेगी बदनावर बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहा, पिपलेश्वर मंदिर चौराहा, जवाहर मार्ग,मोदी चौराहा, सभामंच चौराहा, पशु बाजार पुलिस चौकी , बखतगढ़ फाटा होते हुए मेंखालेश्वर धाम बाबा रामदेव मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में श्री नारायण विष्णु महायज्ञ के यजमान जोड़े सहित यात्रा में शामिल रहेंगे। यात्रा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है यात्रा में सेवा कार्य करने वाले भक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। यज्ञ आचार्य महेश शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ यज्ञ की शुरुआत की जाएगी। शोभा यात्रा में योगी बालक नाथ जी महाराज गुजरात के शिष्य योगी समंदर नाथ जी महाराज एवं महंत खटपटी नाथ के साथ ही आसपास क्षेत्र के साधु संत भी शोभायात्रा में शामिल रहेंगे। शोभा यात्रा में बाबा की नई प्रतिमा रथ पर विराजमान की जाएगी इस दौरान बाबा की आंखों पर पट्टी बंधी रहेगी। 1 मई को बाबा की नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य हेमंत शास्त्री कानवन वाले द्वारा विधि विधान के साथ की जाएगी। - बुद्धि समृद्धि और शौर्य की त्रिवेणी नारी, घर संसार की खुशियां नारी शक्ति में निहित है । उक्त विचार आज संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनावर में नारी शक्ति पखवाड़ा 25 अप्रैल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना शेखर यादव अध्यक्ष नगर परिषद बदनावर ने व्यक्त किए,विशेष अतिथि श्रीमती अनीता चौहान पार्षद नगर परिषद एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर संतोष चौहान थे। मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग एवं कलेक्टर जिला धार जिला शिक्षा अधिकारी धार के निर्देशानुसार 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया गया जिसमें बालिकाओं के लिए विभिन्न गतिविधियां प्रतिदिन आयोजित की गई जिनमें प्रमुख रूप से नारी शक्ति पर व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता रांगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी रखी गई थी, जिसका आज समापन समारोह अतिथियों के आतिथ्य में नारी शक्ति वंदना समारोह हुआ। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलित किया । नारी शक्ति प्रेरणापुंज वीरांगना अमर शहीद रानी लक्ष्मीबाई और देश की प्रथम शिक्षिका समाज प्रेरक शक्ति सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथि का स्वागत विद्यालय की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कुमारी मधु सिर्वी कक्षा 11वीं, एक भारत स्वच्छ भारत प्रतियोगिता में नागालैंड यात्रा हेतु चयनित विद्यालय की छात्रा कु नेहा डाबी, मेरिट के आधार पर गुजरात शैक्षणिक भ्रमण हेतु संस्था से चयनित छात्रा कुमारी हंसा पाटीदार एवं इस वर्ष कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी स्वाति नाथावत ने पुष्प हारो से अतिथियों का स्वागत किया, विद्यालय के संस्था प्राचार्य,लेखापाल जगदीश सोलंकी,शिक्षक श्रीमती अनीता राठौर ,नरेंद्र चौहान श्रीमती आरती उपाध्याय ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन देते हुए *नारी वंदन अभियान* का उद्देश्य सभी के सामने रखा। मुख्य वक्ता डॉक्टर संतोष चौहान ने अपने उद्बोधन में रानी लक्ष्मीबाई के स्वतंत्रता आंदोलन योगदान, अहिल्याबाई का समाज सुधार ,माननीय राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के जीवन से प्रेरणा, सुषमा जी स्वराज, सावित्रीबाई फुले के संघर्ष की गाथा, सोफिया कुरैशी की बहादुरी, कल्पना चावला के वैज्ञानिक ज्ञान, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, सांसद सावित्री देवी ठाकुर आदि के संघर्ष,नारी उत्थान और उनसे जीवन से प्रेरणा के विभिन्न बिंदुओं को छात्राओं के सम्मुख रखा।

### शासकीय सांदीपनि विद्यालय सरदारपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**सरदारपुर।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय सरदारपुर में आज दिनांक का 25 4.26 को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद सरदारपुर की अध्यक्ष मीनाक्षी अर्पित ग्रेवाल मुख्य अतिथि के रूप में एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष- श्रीमती रोमा धर्मेंद्र मंडलोई तथा पूर्व जिला मंत्री श्रीमती जमुनाबाई वेल सिंह भूरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में श्रीमती मीनाक्षी ग्रेवाल ने महिला सशक्तिकरण के महत्व के बारे में बताया एवं विभिन्न क्षेत्रों में नारी के योगदानों पर प्रकाश डाला हर सफल व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है तो वर्तमान में यदि कोई महिला सफल हो रही है तो उसके पीछे समाज/ परिवार के पुरुष का भी योगदान होता है ।श्रीमती रोमा मंडलोई मैडम के द्वारा भी नारी सशक्तिकरण की समाज में आवश्यकता एवं राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में ऊंचे एवं विभिन्न पदों पर काबीज महिलाओं के योगदान को बताया गया । जमुना बेल सिंह भूरिया मैडम के द्वारा वर्तमान परिपेक्ष में केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से नारी सशक्तिकरण हेतु किए गए प्रयासों और विभिन्न योजनाओं में दिए गए लाभो से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य श्री झबर सिंह पटेल के द्वारा संस्था में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एवं शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए किए गए प्रयासों और सतत 3 वर्षों से बोर्ड की वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्तरोत्तर सुधार वाले परीक्षा परिणाम के आंकड़ों से अवगत कराया तथा आगामी सत्र में कक्षा 9वी से 12वीं तक छात्र प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लक्ष्य को भी साझा किया। श्री पटेल ने कहा कि जुलाई माह तक निर्माणाधीन भवन तैयार होकर संस्था को सुपुर्द हो जाएगा अत: इस सत्र संस्था में दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए संस्था की ओर से सतत प्रयास किया जा रहे हैं जिससे निजी संस्थानों में अध्यनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों का न केवल आर्थिक बोझ कम होगा बल्कि उन्हें अच्छे स्तर की शिक्षा भी प्राप्त होगी । श्री पटेल ने बताया कि कक्षा छठी में आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजी माध्यम की क्लासेस संचालित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है ।इस हेतु शासकीय विद्यालय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाने का आव्हान भी किया गया ।कार्यक्रम का संचालन श्री संजय दीक्षित सर के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन श्री गजेंद्र सिंह धाकड़ कर के द्वारा किया गया






# बाबा साहब का जीवन संघर्ष-आत्मसम्मान की देता प्रेरणा : मंत्री ठाकुर

- भाजपा ने तिसगांव में आयोजित की डॉ .अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी
- भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आदि भी हुए शामिल



**धार ।** भारत रत्न डॉ अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत बदनावर विधानसभा क्षेत्र के गांव तीसगांव में भाजपा द्वारा डॉ आंबेडकर सम्मान संगोष्ठी शनिवार को आयोजित की गई ।संगोष्ठी की मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, डॉ भीमराव अंबेडकर संगोष्ठी जिला संयोजक विपिन राठौर व सह संयोजक राकेश चौहान व डॉ बलबहादुर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी प्रवीण चावला, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनमचंद फकीरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, भाजपा नेता चतरसिंह बिजुर, रेवसिंह भाबर, रितेश डावर, जितेंद्र मंडलोई, ग्राम पंचायत सरपंच सावित्री डावर, उप सरपंच दशरथ यादव अन्य मंडलो के अध्यक्ष मनीष गुर्जर, गोविंद रघुवंशी, दिलीपसिंह सोलंकी आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और राष्टगीत वंदे मातरम के साथ हुई।

केंद्रिय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के निर्माण के माध्यम से देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की जो नींव बाबा साहब ने रखी, वही आज भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का आधार है। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उनके विचार समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने का मार्ग दिखाते हैं। बाबा साहब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

### डॉ . अंबेडकर एक बेहतर समाज सुधारक भी ...

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय इतिहास के महान व्यक्तित्व, समाज सुधारक, न्यायविद और संविधान निर्माता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जाति प्रथा और अस्पृश्यता के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए कई आंदोलन चलाए। वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे, जिन्होंने सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन शैली व उनके सिद्धांत पर चलकर जनकल्याण का काम सभी को करना है। बाबा साहब ने सभी को समानता का अधिकार दिया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र छात्राओं, दिव्यांगजनो व अन्य समाजजनों को भी शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश चौहान ने किया। कार्यक्रम में ब?ी संख्या में गांववासी मौजूद थे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।



# कृषि भूमि के भू अर्जन पर चार गुना मुआवजा देने की घोषणा का स्वागत

**मनावर ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा मध्य प्रदेश कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय जिसमे किसानों को ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि के अर्जन पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा देने की घोषणा पर भाजपा धार ग्रामीण जिले के मनावर नगर में किसान मोर्चा द्वारा आभार प्रदर्शन रैली निकाली गई।

रैली मनावर नगर पालिका से गांधी चौराहे तक निकल गई। आभार प्रदर्शन रेली में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ट्रैक्टर चलाकर आभार प्रदर्शन करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में डबल इंजन की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अर्जन पर बाज़ार दर का 2 की जगह 4 गुना मुआवजा देने का महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इससे न केवल विकास कार्य में तेजी आएगी, वही भूमि देने वाला किसान परिवार को आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार होगा। भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय लिया है हम किसान कल्याण वर्ष - 2026 के तहत यह निर्णय किसान भाई - बहनों के कल्याण के प्रति मध्य प्रदेश भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्य प्रदेश के करोड़ों किसानों की ओर से इस अभिनंदनीय निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हू। इस आभार प्रदर्शन में गांधी चौराहे पर किसान मोर्चा के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री एवं जिला अध्यक्ष द्वारा आतिशबाजी भी की गई। साथ ही किसानों को मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी गई। इस आभार प्रदर्शन प्रदर्शन के रैली में भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, भाजपा धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, मीडिया सह प्रभारी अंकित शुक्ला, अनुसूचित जनजाति धीरज बालेश्वर, जिला मंत्री लोकेश मुकाती, कार्यालय मंत्री पन्नालाल पाटीदार , किसान मोर्चा अध्यक्ष विकास पाटीदार, भाना पंवार, राधेश्याम मुकाती, सचिन पांडे , जिला पंचायत सदस्य कपिल सोलंकी , अजय पाटीदार, प्रदीप पाटीदार, हरिओम पाटीदार, मनीष छबाया जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं किसान मोर्चा के किसान बंधु एवं भाजपा कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से पारे में भारी उछाल शहरवासियों का हाल बुरा...

- सुबह से लेकर शाम तक गर्म हवाओं के चल रहे थपेड़े

**बाग।** गर्मी के मोसम ने अचानक अपनी रफ्तार पकड़ी है और भीषण गर्मी का पारा इन दिनों आसमान छू रहा है । एसे में हर किसी का बुरा हाल है। सुबह से लेकर शामतक गर्म हवाओं के थपेड़ों का चलना बहार निकलने वालों के लिए मुसीबत बना हुआ है। बहार निकलने से पहले लोग सोच रहे हैं, क्योंकी गर्म हवाओं के थपेड़ों के साथ गर्मी का प्रकोप सबके पसीने छूटा रहा है अधिकतर लोग कुलर पंखे एसी का सहारा इस भीषण गर्मी में ले रहे हैं।

बहार निकलने से पहले भी लोग अपने पुरे इंतजाम के साथ निकल रहे हैं। इसमें बाइक सवारों के लिए इस समय का सफर बड़ा ही कठीन भरा है ।गमछे से मुंह को ढाककर बाइक पर सफर कर रहे हैं । इस दौरान दुर ग्रामीण क्षैत्रो में अपनी डीवटी निभा रहे छोटे बड़े कर्मचारी तिलमिलाती धूप में भी जाकर अपनी डीवटी का निर्वहन कर रहै है ।

शादी विवाह के चलते बाजारों में गर्मी का असर नहीं दिख रहा है । इन दिनों नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षैत्रो में शादी विवाह का जमकर चल रहे ।शादी विवाह के चलते बाजारों में इस भीषण गर्मी का असर नहीं दिखाई दे रहा है और बाजारों की रौनक बनी हुई। क्योंकि लोग शादी विवाह की सामग्री लेने के लिए बाजार में बड़ी संख्या में आ रहे है जिसके कारण बाजार की रौनक बनी हुई है। दूसरी ओर अन्य सामग्री के साथ ठंडे की दुकानों पर भी भीड़ नजर आ रही हे इस भीषण गर्मी में लोग शितल पेय और कुल्फी आईस्क्रीम से अपना गला तर कर रहे हैं ।

**सबसे पहला उपाय है बचाव सुरक्षा के साथ बहार निकले - बीएमओ मुवेल**

हाल ही में भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा हे ओर इस भीषण गर्मी मे अधिकतर लू लगने का भय रहता है जहां तक हो सके इस भीषण गर्मी के चलते बहार ना निकले और निकले भी तो अपनी पुरी सुरक्षा के साथ निकले मुंह पर कपड़ा बांधकर सर ढककर निकले । धूप मे से आने के बाद एकदम पानी ना पिएं । साथ ही गर्मी मे पानी की मात्रा भी कम ना होने दें जितना ज्यादा हो सके पानी पीए एवं भोजन समय पर करें भुखे पेट धूप में ना निकले । लू लगने पर उल्टी दस्त बुखार जेसे लक्षण होते हे एसे में तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर आकर बताए ताकी उसका तुरंत उपचार हो सके ।

# नर्मदा का जल पहुंचा माही उद्गम स्थल मिंडा

**सरदारपुर ।** मां नर्मदा का पवित्र जल पाइपलाइन के द्वारा चंदनखेड़ी से नर्मदा माही परियोजना अंतर्गत मिंडा पहुंचा । सरपंच संघ अध्यक्ष मयाराम मेडा और ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर मां नर्मदा का स्वागत किया ।नर्मदा का जल मिंडा पहुंचते ही क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस परियोजना का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को जाता है । अटल जी ने सड़क से सड़क और नदी से नदी को जोड़ने का सपना देखा था जो आज साकार होता दिखाई दे रहा है। नर्मदा का जल पाइपलाइन के द्वारा एक विशालकाय टंकी में पहुंचेगा। जहां से पाइप लाईनो के द्वारा किसान के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। साथ ही गांव के दो तालाबों में छोड़ कर माही नदी में संगम कराया जाएगा जिससे सरदारपुर क्षेत्र के किसानों में खुशहाली आएगी। इस परियोजना की नीवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रखी थी।

## एक नजर में

### सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण से शिक्षा रूचिकर हो जाती है : पाठक

# परिणाम की उत्कृष्टता विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की होती है नींव : सहायक आयुक्त

**कुक्षी।** उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम केवल विद्यालय की पहचान नहीं होते अपितु विद्यार्थियों के भविष्य की मजबूत बुनियाद खड़ी करते हैं । प्राचार्य अपनी समर्पित और लगनशील कार्यशैली से विद्यालय में अनुशासित व्यवस्था के बल पर असंभव को भी संभव बनाने का सामर्थ्य रखते हैं। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शिक्षकों के नियमित कालांश में जाने, मासिक प्रगति रिपोर्ट तथा प्राचार्य की सतत मॉनिटरिंग के द्वारा संस्था का परिणाम बेहतर लाया जा सकता है। उक्त विचार शैक्षणिक परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी में चार विकासखंडों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में जनजातीय कार्य विभाग धार के सहायक आयुक्त नरोत्तम बरकड़े ने व्यक्त किए।



आपने बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक संचालक आनन्द कुमार पाठक ने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम शिक्षकों के प्रयास मात्र से ही नहीं प्राचार्य के कुशल नेतृत्व , सतत निगरानी तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति से संभव होते हैं । आपने कहा कि अपेक्षानुरूप परीक्षा परिणाम न होने वाली संस्थाओं के प्राचार्यों को अपनी कार्यशैली में बदलाव करने , शिक्षकों की नियमित मॉनिटरिंग तथा विद्यार्थियों की नियमितता के साथ नियमित कक्षा अध्यापन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शत- प्रतिशत परिणाम देने वाली संस्था के प्राचार्य हुए सम्मानित-कुक्षी सहित बाग, डही, निसरपुर विकासखंड की इस समीक्षा बैठक में प्राचार्य इएमआरएस कुक्षी विजय कुमार साहू , कुक्षी, डही व बाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा , अनिल मारू तथा डी. एस. बघेल की उपस्थिति में निसरपुर की 4 , कुक्षी की 2 तथा डही की एक संस्था के प्राचार्यों को शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने पर प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट सहायक आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया । बैठक में निर्देशित किया गया कि प्राचार्य अपने स्टॉफ तथा विद्यार्थियों से समय - समय पर संवाद करते रहें।

उपस्थिति बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाकर विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से पुन: जोड़ें । नवीन शैक्षणिक सत्र में बेहतर और उत्तरोत्तर परीक्षा परिणाम प्राप्त हो सके इस हेतु सत्र के प्रारंभ से ही कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्त रूप देवें । जल गंगा संवर्द्धन के तहत पानी की टंकियों की नियमित सफाई करवाएं, वृक्षारोपण हेतु पूर्व तैयारी करें। टायलेट की मरम्मत के प्रस्ताव हो तो भिजवाएं। एसएमडीसी की नियमित बैठक लें, आवश्यक विषयों के ठहराव प्रस्ताव करें तथा एसएमडीसी में प्राप्त राशि का मदवार खर्च हेतु प्रशासकीय अनुमति प्राप्त करें । वर्षा ऋतु के पूर्व संस्था की छत की सफाई करवाएं ।